हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 18 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21. 0 डिग्री


4 सप्ताहभर में तीसरी बार जिला जेल का निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### बनाहिल में हाइड्रोफ्रेक्चर तकनीक से दूर हुआ पेयजल संकट

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड अकलतरा के ग्राम बनाहिल में पेयजल समस्या का सफल समाधान कर लिया गया है। अब ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। ग्रामवासियों द्वारा हाल ही में कलेक्टर जन्मेजय महोबे से पेयजल समस्या के समाधान की मांग की गई थी। निरीक्षण के दौरान जल स्त्रोतों के घटते जल स्तर को देखते हुए हाइड्रोफ्रेक्चर तकनीक के उपयोग से नलकूपों को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 15 मार्च को यूनिसेफ की मशीन के माध्यम से कांतिपारा तिरूपति के घर के पास स्थित हैंडपंप एवं पामगढ़ मार्ग स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास के हैंडपंप में हाइड्रोफ्रेक्चर कार्य किया गया। शेष हैंडपंपों में भी हाइड्रोफ्रेक्चर तकनीक से जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य प्रगति पर है।

### 16 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** आबकारी पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। 17 मार्च को आबकारी वृत्त मालखरौदा में दौरान गश्त मुखबिर द्वारा ग्राम नावापारा में बलिराम निराला पिता पतिराम द्वारा शराब बेचने की सूचना मिली। आबकारी पुलिस ने दो पीले रंग की प्लास्टिक जरीकेन में भरी 10 लीटर व प्लास्टिक थैले में रखा 26 नग प्लास्टिक पन्नी में भरी 6.5 लीटर कुल मात्रा 16.5 लीटर महुआ शराब बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया

# जिले के 3 गांव हुए कुपोषण मुक्त, राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा पुरस्कार

## सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अंतर्गत 3 ग्राम पंचायत कुपोषण मुक्त हुए है। इन ग्राम पंचायतों को सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार देने चयनित किया गया है, जिन्हें आने वाले 2 अप्रैल को भारत मंडपम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की तीन ग्राम पंचायतों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हेतु किया गया है। अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर 2024 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार लाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि अभियान के अंतर्गत देश की 900 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों एवं 100 वार्डों का चयन कर उन्हें पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज आंकड़ों के आधार पर प्रति पंचायत व वार्ड 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को कुपोषण के खिलाफ प्रोत्साहित करना तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कुपोषण में कमी लाना है। बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम हथनेवरा एवं सोनादह तथा परियोजना जांजगीर अंतर्गत ग्राम दर्री का चयन किया गया है। चयनित पंचायतों को 2 अप्रैल को भारत मंडपम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व पंच एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।



## बनाहिल चौक की घटना, गंभीर रूप से घायल युवक बिलासपुर रेफर

# पिकअप की चपेट में आकर महिला की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बनाहिल चौक में पिक अप वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख कर चक्का जाम कर दिया। अधिकारियो की समझाइश पर 4 घंटे बाद चक्का जाम समाप्त हुआ। इस दौरान अकलतरा- बिलासपुर मार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नरियरा वार्ड नंबर 14 की रहने वाली महिला सलमा लहरे 17 मार्च को अपने रिस्तेदार गोलू टंडन के साथ जांजगीर जाने के लिए बाइक से निकली थी। दोपहर 1:30 बजे बनाहिल चौक के पास पिक अप वाहन ने उनको अपनी चपटे में लिया, जिससे दोनों सड़क में जा गिरे। घटना में महिला के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गोलू टंडन का हाथ टूट गया। गोलू को सीएचसी अस्पताल अकलतरा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां से बिलासपुर रेफर किया गया है। इधर घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों को मिलने पर मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर शव रख कर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने पर मूलमुला थाना प्रभारी सहित दलबल के साथ पुलिस टीम पहुंची। अकलतरा थाना प्रभारी और एस डी ओ पी भी कुछ देर बाद घटना स्थल पर पहुंच गए। चक्का जाम कर रहे लोगों को समझने का प्रयास किया गया लेकिन ग्राम वासी एवं परिजन नहीं माने। चक्का जाम के 4 घंटे बाद शाम 5:30 बजे तक चला। पिकअप चालक के द्वारा 1 लाख व प्रशासन के द्वारा 25 हजार सहित बीमा से मिलने वाली राशि दिए जाने के आश्वासन पर ग्रामीणों के द्वारा चक्काजाम समाप्त किया गया।



सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करते परिजन व नगरवासी।

# अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक सील, दवाइयों की बनाई जब्ती

## सक्ती एवं टेमर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बगैर दस्तावेजों के चल रहे 2 क्लीनिक को सील किया गया है। साथ ही बडी संख्या में दवाईयां भी जब्त की गई है। मामला सक्ती एवं टेमर गांव का है। उक्त कार्रवाई नर्सिंग होम एक्ट के तहत की गई है। जिसके चलते अवैध क्लीनिक संचालकों में हडकंप मच गया है।

ज्ञात हो कि मंगलवार 17 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर क्लीनिक एवं पैथॉलाजी लैब में जाकर जांच पडताल की। इस दौरान स्टेशन रोड सक्ती स्थित एक मकान में बिना वैध डिग्री और पंजीयन के मरीजों का इलाज करते हुए पाया गया। वहीं ग्राम टेमर क्षेत्र में भी बिना आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और पंजीयन के चिकित्सा कार्य किए जाने की पुष्टि हुई। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिससे अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करना स्पष्ट हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल प्रभाव से दोनों क्लीनिकों को बंद करा दिया। साथ ही आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि बिना वैध डिग्री, पंजीयन और अनुमति के किसी भी प्रकार का चिकित्सा कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। अवैध क्लीनिकों और अप्रमाणित व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे उपचार पर सतत निगरानी रखी जा रही है। अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सील करने की कार्रवाई सीएमएचओ डॉ पूजा अग्रवाल एवं नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी सुदर्शन भारद्वाज के मार्गदर्शन में की गई है। इस कार्रवाई से अवैध क्लीनिक संचालकों में हडकंप मच गया है।



क्लीनिक की जांच करने पहुंचे अफसर।




**खबर संक्षेप**

## सामाजिक प्रेरणा सम्मान से शांता गुप्ता विभूषित



**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित विश्राम गृह में एक दिवसीय राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो तथा नव आस्था जन विकास सेवा समिति द्वारा एक दिवसीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें केशरवानी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यो के लिए सामाजिक प्रेरणा सम्मान से विभूषित किया गया। समारोह में प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ कुलवंत सलूजा, राष्ट्रीय अपराध एवं मानवाधिकार जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सोनी, एसडीपीओ योगिता बाली खापर्डे, जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी, रेखा गुप्ता, राजेश क्षत्री, श्रीमती रानी क्षत्री, विक्रम तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद नागेंद्र गुप्ता, साहित्य कार शशिभूषण सोनी, डा ,रविन्द्र द्विवेदी द्वारा जनहित में उत्कृष्ट एवं सामाजिक योगदान के लिए,सामाजिक प्रेरणा सम्मान से श्रीमती शांता गुप्ता को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रीमती शांता लायनेस क्लब में भी कई वर्षों तक सेवा देते हुए अभी केसरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष के रूप में समाज में अपनी सेवाएं दे रही हैं। श्रीमती शांता गुप्ता को उत्कृष्ट योगदान के लिए,सामाजिक प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किए जाने पर केशरवानी महिला समिति के अलावा समाज के लोगों एवं महिलाओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## भाजपा अजा मोर्चा ने प्रथम महिला सांसद मिनीमाता को किया याद




**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनी माता की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा याद किया गया। जयंती अवसर पर मिनीमाता चौक अकलतरा, तरौद में मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य अभ्यागत के रुप में जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद गुहाराम अजगले, श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, गुरु दयाल पाटले, राजेश्वर पाटले, पुष्पेंद्र प्रताप, विकास शर्मा, गेंदराम कुर्रे, गंगाराम टंडन, शांति डहरिया, सुखराम मधुकर, डमरू प्रसाद मनहर, सुखसागर ओग्रे, श्रीमती शांति भारते, सुरेश मिर्चा निया , लक्ष्मीकांत सारथी कुलदीप गोतम उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरदेव टंडन, कन्हैया लाल सूर्यवंशी, उमेंद्र चौहान, रमेश शोनवानी, राम टांडे, प्रमोद शांडिल्य, शेखर कोशले, घनश्याम गंधर्व, मोती लाल कुर्रे, उमेश कुमार चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं



**जांजगीर चांपा।** बढ़ते भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय निकालकर छत्तीसगढ़ युवा धीवर समाज की महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त सचिव धनेश्वरी धीवर महिलाओं को सहकारिता का महत्व बताते हुए नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए स्व सहायता समूह बनाकर आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर रही है। महिलाओं के उद्यमिता एवं सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में कैथल जिला के कलायत खंड के कुराड गांव में पराली से हस्तशिल्प एवं कला पर आधारित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम ग्रांटथार्नटन भारत और जीआईजेड द्वारा आरसेटी के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें छग से मास्टर ट्रेनर पैरा यानी पराली कला विशेषज्ञ धनेश्वरी धीवर ने कृषि वेस्टेज पैरा यानी पराली को कैसे महंगे क्राफ्ट बनाकर उच्च मूल्य वाले हस्तशिल्प उत्पादों में बदला जा सकता हैं। इस पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पंजाब और हरियाणा की महिलाओं के साथ साथ देश की आधी आबादी के लिए रोजगार का सृजन करने का एक अच्छा पहल है।


**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021


### निरीक्षण के दौरान अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने दिए निर्देश

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक ने योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक ने ग्राम पंचायत सकरेलीकला एवं ग्राम पंचायत पोरथा पहुंचकर रोजगार योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक श्रीमती रीता यादव द्वारा मंगलवार 17 मार्च को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से लाभान्वित हितग्राहियों का उनके इकाइयों में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सकरेली कला में संचालित फर्नीचर निर्माण इकाई का अवलोकन किया गया, जहां संचालक पवन साहू द्वारा इकाई में संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस इकाई के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 40 लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पोरथा में महिला हितग्राही श्रीमती नंदिनी राठौर द्वारा बैंक ऋण के माध्यम से संचालित ब्यूटी पार्लर का भी निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक द्वारा उनके स्वरोजगार प्रयासों की सराहना की गई तथा अन्य योजनाओं के तहत ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। श्रीमती यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही ग्रामोद्योग के अंतर्गत नई इकाइयों की स्थापना के प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित करने हेतु प्रभारी अधिकारी आशीष सिंह राठौर को आवश्यक निर्देश दिए।



आकस्मिक निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से चर्चा करती खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक।



# नहर किनारे अतिक्रमण कर बना रहे मकान, कार्रवाई का डर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

कलमी नहर पार से होकर बेल्हाडीह माईनर नहर किनारे कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाया गया है। इसे लेकर विभाग द्वारा बेजाकब्जाधारियों को नोटिस भी दिया जा चुका है। बावजूद इसके बेजाकब्जाधारियों के हौसले बुलंद है।

- नोटिस देने के महीने भर बाद भी बनी हुई है समस्या

ज्ञात हो कि कलमी नहर पार से मालखरौदा होकर बेल्हाड़ीह माइनर नहर में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नहर पार को चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। मालखरौदा माइनर नहर के किनारे कुछ लोगों के द्वारा बेजा कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। जिसके चलते नहर पार के सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी नहर उप संभाग क्रमांक 4 ने सभी को माइनर नहर के भू अर्जीत जमीन से बेजा कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया है नोटिस 2 फरवरी को जारी किया गया था लेकिन एक माह से अधिक गुजर जाने के बाद भी भेजा कब्जाधारियो द्वारा बेजा कब्जा नहीं हटाया है। जिसके चलते सड़क निर्माण कार्य अवरुद्ध हो रहा है, जबकि इस बात की सूचना राजस्व विभाग मालखरौदा और तहसीलदार मालखरौदा को दिया जा चुका है। बावजूद इसके बेजाकब्जाधारियों पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो पाने के चलते उनके हौसले बुलंद होते चले जा रहे है।

**जारी किए है नोटिस**

माइनर नहर किनारे कुछ लोगों के द्वारा बेजाकब्जा किया गया है। इस मामले में बेजाकब्जाधारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है।

**-वरुण पांडे**
अनुविभागीय अधिकारी
हसदेव बाईं तट नहर उप संभाग क्रमांक 4 सक्ती

# लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन आज करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश भर के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर बुधवार 18 मार्च को जिला मुख्यालय में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन करेंगे।

फेडरेशन ने जिले के सभी कर्मचारी-अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया है। फेडरेशन के जिला महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्री ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में प्रदान करने, तथा मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने, तथा सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई है। फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को निःशर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने, तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त विभागों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, तथा आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। साथ ही विभागों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की अनुमति देने की भी मांग की गई है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार, जिला महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्री ने सभी कर्मचारी-अधिकारियों से प्रदर्शन में शामिल होने अपील की है।

## कलेक्टर ने किया अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए संयुक्त कलेक्टर अरुण कुमार सोम को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी चरित्र सत्यापन, जन समस्या निवारण शिविर, सार्वजनिक समारोह, पेपर कटिंग की कार्यवाही, महिला थाना, नागरिकता एवं पासपोर्ट संबंधी कार्य, सूचना प्रौद्योगिकी, विशेष पहचान पत्र, आधार फेस वन, राज्य आपदा मोचन निधि एवं नोडल अधिकारी जिला अंतव्यवसायी विभाग, रेशम विभाग, विद्युत मंडल, खाद्य एवं औषधि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मार्कफेड को ऑपरेटिव मंडी साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य प्रशासनिक कार्यों के निर्वहन करने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

## किकिरदा में अखंड राम नाम सप्ताह 20 से

**बिर्रा ।** ग्राम पंचायत किकिरदा के अटल चौक में अखंड राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन शुक्रवार 20 मार्च से रखा गया है। इस संबंध में अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ समिति किकिरदा के सचिव संतोष कुमार आदित्य ने बताया कि राम नाम सप्ताह का शुभारंभ 20 मार्च को होगा। आचार्य पंडित विजय कुमार गुरुद्वान होंगे। अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ का समापन 27 मार्च को हवन के साथ होगा। चढ़ोतरी एवं सहस्त्रधारा का कार्यक्रम 28 मार्च को किया जाएगा। अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ में फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन 27 मार्च को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। आयोजन को लेकर अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी और समस्त ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

# नगर के देवी मंदिरों में सभी तैयारियां पूर्ण

**चांपा।** कोसा, कांसा एवं कंचन के लिए सुप्रसिद्ध चांपा नगर अपने देवी मंदिरों के लिए भी अंचल में सुविख्यात है। नगर में गुरुवार 19 मार्च से आदिशक्ति माता भवानी की पूजा - आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहा है। पर्व को लेकर जहां सभी देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है वहीं गुरुवार को सभी मंदिरों में घट स्थापना के साथ श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये जाएंगे।



सनातन धर्म में आदिशक्ति माता भवानी की पूजा-आराधना का पर्व यूं तो वर्ष में चार बार मनाया जाता है। इनमें से चैत्र तथा शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि होती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का पर्व गुरुवार 19 मार्च से शुक्रवार 27 मार्च तक मनाया जाएगा। इसे लेकर नगर के हृदयस्थल देवांगन पारा स्थित नगर की कुलदेवी मां सम्लेश्वरी मंदिर, पुराना कॉलेज रोड स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, हटरी बाजार स्थित भकलू बाबा के मां दुर्गा मंदिर, देवांगन पारा स्थित मां संतोषी मंदिर, इमलीघाट स्थित माता शीतला मंदिर, कदंब चौक मार्ग स्थित मां अष्टभुजी मंदिर तथा रामबांधा तालाब के दक्षिणी छोर पर स्थित मां महामाया - सम्लेश्वरी मंदिर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पर्व को लेकर सभी मंदिरों में आवश्यक साफ-सफाई कराये जाने के अलावा रंगरोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा मंदिर के सामने टेंट लगाकर दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के लिए छांव की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को सुबह शुभ मुहुर्त में सभी मंदिरों में घट स्थापना के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये जायेंगे। पर्व के दौरान नौ दिनों तक समूचे नगर का माहौल मां भवानी की पूजा-आराधना के चलते भक्तिमय रहेगा। श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं द्वारा नौ दिनों तक उपवास रखकर माता आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके अतिरिक्त पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनों तक कटिंग और शेविंग नहीं कराई जाएगी।

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आदर्श मार्ग पर चलने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

संघ शताब्दी वर्ष के निमित युवा-संगम का कार्यक्रम खंड सक्ती के नगर बाराद्वार में 15 मार्च को आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में प्रथम सत्र मोहन माझी सामाजिक सद्भाव जिला प्रमुख एवं द्वितीय सत्र में पुष्पेंद्र चंद्रा ग्राम विकास विभाग प्रमुख का उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगेश राय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रचारक विनोद चंद्रवंशी एवं जिला कार्यवाह अमरदास मानिकपुरी उपस्थित थे। जिले के बौद्धिक प्रमुख अरविंद यादव, जिले की व्यवस्था प्रमुख मनोज गवेल एवं खंड से अजय यादव, खंड संघचालक एवं शरद श्यामले, खंड शारीरिक प्रमुख जगन्नाथ यादव, खंड व्यवस्था प्रमुख एवं शक्ति खंड के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। नगर पंचायत बाराद्वार के नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित थे । इस युवा संगम कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद तिवारी, अरुण शर्मा, जितेश शर्मा, अजय राजपूत, पंकज सांवरिया, व्यवस्था के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन में गौरीशंकर राठौर खंड कार्यवाह के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में नारायण कुर्रे, जितेश शर्मा , आयुष शर्मा, अजय राजपूत, अरुण शर्मा, भारत कर्ष, अमित बरेठ, सोम राठौर, राजशेखर शर्मा, अभिजीत शर्मा ,पवन बंसल, राजा पवार, कीर्ति सागर, रवीन्द्र खण्डे सुमित खुंटे सहित सक्ती जिले सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

# वेदांता पावर सतत ऊर्जा की आपूर्ति के लिए कटिबद्ध

**बिलासपुर।** ठान लो तो सब कुछ पाना संभव है। वेदांत समूह के लिए समुदाय का स्थान व्यवसाय से ऊपर है। मेरी दृष्टि में हमारी समस्त उपलब्धियां सामान्य ही हैं। मैं अपने स्तर पर वही श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रयत्नशील हूं जैसा कि दूसरे व्यक्ति अपने स्तरों पर कर रहे हैं। समाज को समृद्ध बनाना हमारा नैतिक दायित्व है।

उद्योगों के जरिए हम जो कुछ अर्जित कर रहे हैं उसका अंश समाज की भलाई में उपयोग होना चाहिए। हमने जो विशाल उद्योग खड़ा किया है उसके हम संरक्षक मात्र हैं। सही मायने में उद्योगों पर अधिकार उसमें काम कर रहे कर्मचारियों का है। उक्त बातें विश्व के प्रमुख धातु निर्माता एवं पेट्रोलियम तथा ऊर्जा उत्पादक कंपनी वेदांत समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कही। जिनके नेतृत्व में दुनियाभर में लगभग 1 लाख से अधिक कर्मचारी प्रगति के नित नए कीर्तिमान बना रहे हैं। वेदांता लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतराई में 1200 मेगावॉट के विद्युत संयंत्र का अधिग्रहण किया है। अधिग्रहण से पूर्व यह संयंत्र एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था जिसे अब वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) के नाम से जाना जाता है। वेदांता द्वारा अधिग्रहण से पूर्व इस विद्युत संयंत्र का निर्माण वर्ष 2016 से ही बंद था। वर्ष 2022 में अधिग्रहण के बाद वेदांता लिमिटेड ने विद्युत संयंत्र के निर्माण कार्य को पुनर्जीवित करने का काम शुरू किया। 1200 मेगावॉट के विद्युत संयंत्र में 600 मेगावॉट की दो इकाइयां हैं। 600 मेगावॉट की प्रथम इकाई से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हो गया है हालांकि पहली इकाई से इसकी पूर्ण क्षमता के साथ उत्पादन होना अभी बाकी है। दूसरी इकाई का विकास अभी परियोजना चरण में है जिसे शीघ्र पूरा करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम पूरी योजना के साथ काम कर रही है। व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार पटेल के नेतृत्व में इस परियोजना से जहां बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ की स्थानीय प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का अवसर मिला है वहीं अप्रत्यक्ष रोजगार के जरिए लोगों की आर्थिक स्थित मजबूत हो रही है। व्हीएलसीटीपीपी प्रबंधन स्थानीय नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। ग्राम पंचायत सिंघीतराई, ओड़ेकेरा और निमोही के नागरिकों के लिए सामुदायिक विकास के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिसे स्थानीय जरूरतों के मुताबिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, आधारभूत संरचना विकास संबंधी अनेक योजनाएं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में तैयार कर उन्हें निरंतर प्रक्रिया के तहत ग्रामीण विकास हेतु लागू किया जा रहा है। 'परियोजना आरोग्य' के अंतर्गत कंपनी द्वारा ग्राम सिंघीतराई, निमोही एवं ओड़ेकेरा में कैंप आयोजित किए जाते हैं। ग्राम निमोही में ग्रीष्मकाल के दौरान भूजल स्तर कम होने पर उन्हें वाटर टैंकरों के जरिए पानी की आपूर्ति की जाती है। ग्राम पंचायतों में स्कूलों की आधारभूत संरचना को अधिक सुविधापूर्ण बनाए जाने की दिशा में ग्राम के जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर योजना तैयार की गई है। युवाओं के स्वावलंबन हेतु समय-समय पर कौशल विकास जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविरों के माध्यम से अनेक युवाओं को कोरबा स्थित बालको के स्किल स्कूल के माध्यम से प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा कहते हैं "विश्वसनीय और सतत ऊर्जा प्रदान कर हम भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। वेदांता पावर घरों को रौशन करने के साथ ही उद्योगों को सक्षम बना रहा है। वेदांता पावर देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने की ओर अग्रसर है। व्हीएलसीटीपीपी की प्रथम इकाई की शुभारंभ की सफलता हमारे ऊर्जा व्यवसाय को आगे बढ़ाती है और वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के विजन के अनुरूप उज्ज्वल एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में क्षमता विस्तार के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।" आज के समय में विकास के मायने बदल चुके हैं। यदि राष्ट्रों एवं राज्यों को अपना चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करना है तो प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और औद्योगिक विकास के लिए जरूरी समस्त बुनियादी सुविधाएं विकसित करनी ही होंगी। वेदांता लिमिटेड का 1200 मेगावॉट का विद्युत संयंत्र सक्ती जिले में ग्राम सिंघीतराई क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर है। ऐसा विश्वास है कि प्रगतिशील नागरिकों की सकारात्मक सोच आगामी एक दशक में इस क्षेत्र को एक बड़े औद्योगिक क्षेत्र में तब्दील कर देगी।"



## आम सूचना

मै अपने कार्यार्थी श्रीमती ज्योत्सना राज उम्र 82 वर्ष पति संतोष कुमार राज ग्राम बैगीन बंधान, भोजपुर चर्च के पास चांपा की ओर से आम जनता को अवगत कराता हूँ कि दिनांक 25.02.2023 को श्री रितुराज महंत पिता मोहर दास महंत थाना पारा चांपा के साथ भूमि खसरा नंबर 1150/2 रकबा 1.00 एकड़ भूमि को विक्रय करने का इकरारनामा निष्पादित किया गया था जिसमें रजिस्ट्री की अंतिम तिथि अक्टूबर 2023 के प्रथम सप्ताह तक होगा। तत्पश्चात नियत तिथि तक रजिस्ट्री नही होने पर बयाना राशि शून्य हो जायेगा तथा वापसी योग्य नहीं होगा।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त द्वितीय पक्षकार (क्रेता इकरारनामा) रितुराज महंत से कोई सौदा उक्त भूमि के संबंध में तय नही करें। यदि तय करते है तो उसकी जवाबदारी मेरे कार्यार्थी की नही होगी।

सो सूचना जाने !
चांपा
दिनांक 17/3/2026

**अवधेश कुमार गुप्ता**
**एडवोकेट चांपा**
**मो.नं. 98266-45066**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर,**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**राजस्व नोटिस/ईश्तहार**

क्रमांक 2169 /अ.वि.अ./रीडर-1/2026
जांजगीर दिनांक 16/3/ 2026
अ.प्र.क्र. 202509060300069/
अ-6/2024-25

पक्षकार गेंदराम खरे बनाम बृहस्पति बाई वगैरह ग्राम-कुटरा, तहसील-जांजगीर


प्रति, 1. बृहस्पति बाई आ. स्व. शत्रुहन, 2. सोना बाई आ. स्व. शत्रुहन 3. मोना बाई आ. स्व. शत्रुहन 4. सरस्वती आ. स्व. शत्रुहन 5. सुखबाई आ. स्व. भागराम 6. कविता आ. स्व. भागराम 7. रोशन आ. स्व. भागराम सभी जाति सूर्यवंशी, निवासी ग्राम कुटरा, तहसील-जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)


अपीलार्थी गेदराम खरे आ. भागवत प्रसाद, निवासी ग्राम-कुटरा, तहसील-जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुटरा, तहसील-जांजगीर के नामांतरण पंजी कमांक 30 एवं 48 आदेश दिनांक 09.03.2005 के विरूद्ध प्रथम अपील प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई के लिए आपका नोटिस जारी किया गया किन्तु तामिल नहीं होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थिति हेतु नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपस्थित होना है तो इस मामले की सुनवाई दिनांक 24.03.2026 को जांजगीर में प्रातः 11:00 बजे से होगी। अतः आप अपना पक्ष पेश करने स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा / जवाब पेश कर सकते है।

समयावधि बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 13.02. 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**



# बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम, अब होगा 'मातृभूमि'

**मुंबई।** सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। जी हां, साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है। हालांकि, इस नए पोस्टर से रिलीज डेट गायब है, जिसके बाद उन कयासों को फिर से हवा लगी है कि शायद फिल्म अगले महीने 17 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी और पोस्टपोन होगी।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## व्हाइट गाउन में दिखीं बेहद ग्लैमरस


प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर अपनी शानदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। इस खास मौके पर वह अपने पति निक जोनस का हाथ थामे रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर ऑस्कर अवॉर्ड्स में शामिल हुईं।

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। रेड कार्पेट पर दोनों ने साथ में पोज दिए और पैपराजी के सामने कई प्यारे पल भी शेयर किए। इस प्रतिष्ठित शाम के लिए प्रियंका ने डायर का बेहद खूबसूरत स्ट्रैपलेस सफेद गाउन चुना। ये व्हाइट कलर का था और नीचे की तरफ से लंबा फ्लोइंग डिजाइन था, जिसमें हाई स्लिट और स्कर्ट पर पंख जैसी डिटेलिंग नजर आ रही थी। प्रियंका ने अपने लुक को ब्लैक पॉइंटेड हील्स और चमकदार डायमंड नेकलेस के साथ पूरा किया। उन्होंने बालों को सीधा और स्लीक रखा। वहीं उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग था। निक जोनस की बात करें, तो वे क्लासिक ब्लैक वेलवेट टक्सीडो, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद स्टाइलिश नजर आए। दोनों का आउटफिट एक क्लासिक रेड कार्पेट लुक दे रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचने से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर तैयारियों की क्लिप्स भी शेयर की। एक छोटे से वीडियो में वह इसी सफेद डियोर गाउन में अवॉर्ड सेरेमनी के लिए तैयार होती नजर आईं और उनके साथ निक जोनस भी थे। उन्होंने अपने ड्रेसिंग रूम के कुछ बिहाइंड द सीन मोमेंट्स भी शेयर किए, जहां उनकी टीम उनके लुक को फाइनल टच दे रही थी।



## हॉलीवुड मसाला



# भारत में पोस्टपोन हुआ शो

**लॉस एंजिल्स।** रैपर कान्ये वेस्ट के भारत के कॉन्सर्ट को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। अब कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर टल गया है। पहले यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को होने वाला था। रैपर और म्यूजिशियन कान्ये वेस्ट अपने भारत के कॉन्सर्ट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर अब टल गया है। कान्ये वेस्ट का शो पहले 29 मार्च 2026 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे 23 मई 2026 को कर दिया गया है।



# यह तो मेरे लिए गर्व की बात है ...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म सिनर्स के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।' माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है।



# अब श्रेया भी लेंगी सिंगिंग से ब्रेक

**मुंबई।** अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने के फैसले पर जहां अभी तक फैंस को यकीन नहीं हो रहा, वहीं अब सिंगर श्रेया घोषाल ने भी इस कदम की ओर इशारा किया है। 42 साल की श्रेया ने एक नए इंटरव्यू में इस बात पर जोर दिया कि लाइव सिंगिंग में स्टेज पर लिप-सिंकिंग करना ऐसी चीज है, जिस पर वह कभी निर्भर नहीं रहना चाहेंगी। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के फैसले पर फैंस के बीच चर्चा छिड़ने के बाद, अब श्रेया ने कहा है कि जिस दिन उन्हें ऐसा कुछ करना पड़ा, वह गाना बंद कर देंगी। 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि कभी-कभी उनका मन भी ब्रेक लेने का करता है। सात बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस देना एक कलाकार के तौर पर उनकी पहचान का अहम हिस्सा है।



# कुंभकर्ण के किरदार में नजर आएंगे फैसल

**मुंबई।** 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे। 'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए।

## टीवी मसाला



# तान्या ने राम-सीता प्रिंट वाली साड़ी से पोंछा एकता का मुंह

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के खत्म होने के बाद एक बार फिर तान्या मित्तल चर्चा में हैं। इस बार राम-सीता वाली प्रिंट की साड़ी को लेकर बवाल मचा हुआ है, जिससे उन्होंने एकता कपूर का मुंह पूछ दिया। ये सब देखकर लोग भड़क उठे हैं, जिसमें वड़ा पाव गर्ल भी कूद पड़ी हैं। हालांकि, लोगों ने यहां चंद्रिका को धो डाला है। बता दें कि 'बिग बॉस 19' के समय से ही तान्या मित्तल एकता कपूर के प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रही हैं। पिछले कुछ समय से तान्या और एकता की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब दिखी हैं जिसमें 'बिग बॉस' की कंटेस्टेंट्स टीवी क्वीन को गिफ्ट-शिफ्ट देती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर छाए एक वीडियो में तान्या एकता के साथ दिख रही हैं। केवल साथ ही नहीं दिख रहीं बल्कि साड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए कुछ ऐसा कर डाला कि लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। तान्या मित्तल ने एकता कपूर का मुंह उसी साड़ी के पल्लू से पोछ दिया जिस पर भगवान राम और सीता की तस्वीर छपी नजर आ रही है। लोगों ने भड़कते हुए तान्या के इस हरकत पर कॉमेंट किया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इन लोगों ने भगवान का भी मजाक बनाकर रख दिया। एक ने गुस्से में कहा- बाप रे, भगवान का चित्र बना हुआ है और इससे उसने पसीना पोंछा। एक और ने कहा- वैसे पल्लू पर श्री राम जी और सीता जी बनवाए हुए हैं और उन्हीं से उसका मुंह पूछ रहे हैं, कितनी बेवकूफी है।

## फलक से मांगी गई जन्म कुंडली

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस फलक नाज उस वक्त भड़क गईं, जब एक प्रोडक्शन हाउस ने उनसे उनकी जन्म कुंडली मांगी। प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें एक बड़ा टीवी सीरियल ऑफर किया था। लेकिन फलक नाज ने सीरियल ठुकरा दिया और प्रोडक्शन हाउस को लताड़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें फलक नाज ने बताया है कि कैसे क्या हुआ और किस तरह उन्होंने शो ठुकरा दिया। फलक नाज ने कहा कि उन्हें अभी भी बहुत गुस्सा आ रहा है, पर उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया है, जो एक्टिंग में आना चाहते हैं। फलक नाज हैरान हैं और गुस्सा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें सीरियल में रोल ऑफर करने से पहले उनकी कुंडली मांगी, ताकि चेक कर सकें कि उनके हिसाब से सीरियल कैसा चलेगा। फलक ने कहा कि टैलेंट के बजाय कुंडली के आधार पर किसी को काम देना गलत है और वह इस इंडस्ट्री में 15 साल से सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट, स्किल्स और क्राफ्ट की वजह से हैं।



# शाहरुख की वजह से जवान में काम करने के लिए हुए राजी : विजय

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की अदाकारी वाली फिल्म 'जवान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने काली गायकवाड नाम के विलेन का किरदार निभाया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म कामयाब रही थी। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान स्टारर 'जवान' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'एटली के फिल्म बनाने के तरीके की मैं तारीफ करता हूं। उन्हें पता है कि सीन को कहां उठाना है और कैसे दिलचस्प बनाना है।' तमिल एक्टर एटली ने कहा फिल्ममेकर अपने सीन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने आगे कहा 'यकीनन यह शाहरुख खान को लेकर है। सिर्फ उनकी वजह से मैंने इस फिल्म में काम किया।' एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और प्रियमणि नजर आए। इस फिल्म को शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस का सपोर्ट मिला। बॉक्स ऑफिस पर ग्लोबली इस फिल्म ने 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी में जुटे हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और सुहाना खान नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म 'मुथु आलिया काट्टान' में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।



# 1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड, नसीरुद्दीन ने की थी शुरुआत...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन, सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था? सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक सीआईडी ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।



### दारा सिंह और धर्मेंद्र

दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन, उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

### सलमान की वजह से ट्रेंड हुआ पापुलर

सलमान खान ने 90 के दशक में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' सॉन्ग में शर्टलेस होकर सिक्स-पैक दिखाए। जिसके बाद से फैंस और सेलेब्स के बीच सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड ज्यादा पॉपुलर हो गया। आज सलमान की वजह से लाखों फैंस जिम जाने लगे, ताकि वह उनकी तरह बॉडी बना सकें।

### ऋतिक और जॉन अब्राहम

ऋतिक रोशन ने इस ट्रेंड को फिल्म 'कहो ना प्यार है' से इसे और ज्यादा ग्लैमरस बनाया। वहीं जॉन अब्राहम को भी सिक्स-पैक का किंग कहा जाता है, खासकर 'दोस्ताना' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में उनका सिक्स पैक एब लुक फैंस को बेहद पसंद आया। इस लिस्ट में और भी कई अभिनेता शुमार हो चुके हैं, जिनमें रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और भी कई नामी स्टार्स शामिल हैं।

## लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन

# बेस्ट पिक्चर वन बैटल आफ्टर अनअदर को 6 अवॉर्ड, सिनर्स पिछड़ी

*लॉस एंजिल्स। अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध और तमाम उथल-पुथल के दौरान 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर दुनिया भर के सितारों का मेला लगा। इस अवॉर्ड के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समारोह की शुरुआत हुई। नॉमिनेशन में सबसे आगे चल रही 'सिनर्स' जीत के मामले में पिछड़ गई। हालांकि, इस फिल्म ने मुख्य कैटिगरी में कई अवॉर्ड झटके। वहीं 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने छक्के मारे हैं। जिस अवॉर्ड फंक्शन पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहीं, यहां भारतीय दर्शकों के लिए सबसे खास आकर्षण प्रियंका चोपड़ा रहीं। बता दें कि वो इस साल अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ी हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा के अलावा रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐन हैथवे, ग्वेनेथ पाल्ट्रो, पॉल मेस्कल और विल आर्नेट भी अलग-अलग कैटिगरी में अवॉर्ड पेश किए।*

### सिनर्स को मिला 4 अवॉर्ड


98वें एकेडमी अवॉर्ड समारोह अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिलहाल कुल 6 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रही है। 'सिनर्स' को अब तक चार अवॉर्ड मिले हैं।

### बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले

इस अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म 'सिनर्स' ने बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले में भी जगह बनाई है। रयान कूगलर को बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले का एकेडमी अवॉर्ड मिला है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

### सिनर्स को मिली एक और ट्रॉफी

इस अवॉर्ड्स में 16 नॉमिनेशंस के साथ उतरी फिल्म 'सिनर्स' के निर्देशक लुडविग गोरान्सन ने बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने अपना पहला ब्लूज एल्बम 1964 में स्वीडन में खरीदा था।



### बेस्ट डायरेक्टर: पॉल थॉमस एंडरसन

इस समारोह में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के पॉल थॉमस एंडरसन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता लिया है। अपकमिंग फिल्म 'द ड्रामा' के स्टार्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन ने ये अवॉर्ड इन्हें दिया।

### *धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि*

*इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि, कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे। हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### बेस्ट पिक्चर : वन बैटल आफ्टर अनदर

बेस्ट फिल्म कैटिगरी में पॉल थॉमस एंडरसन की ब्लैक कॉमेडी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने जीत हासिल की है। इसने सिनर्स, बुगोनिया, एफ1, फ्रैंकस्टीन, हैमनेट, मार्टी सुप्रीम, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू और ट्रेन ड्रीम्स को पीछे छोड़ दिया। इस तरह, फिल्म ने कुल 6 अवॉर्ड मिले और 2026 के ऑस्कर में धूम मचा दी।

### दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा

ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबट्र्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं, प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया। जाना रॉबट्र्स रस्सी ने स्वदेश x अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला। उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश हुए सम्मानित




**सक्ती।** सेवा एवं रचनात्मक कार्यों के लिए सक्ती के सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश यादव को राजधानी रायपुर के विमतारा हाल में आयोजित छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च रविवार को किया गया था जिसमें प्रदेश के लगभग 30 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए एवं सक्ती जिले में भी उत्कृष्ट कार्यो एवं सेवाओं के लिए रामनरेश यादव को यह सम्मान दिया गया. इस दौरान कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन पुलिस विभाग के आईजी श्रीमति मिलन कुर्रे एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमति मीनाली चौवे, प्रदेश अध्यक्ष आरती सिह, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे तथा इस दौरान छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती जिले के पदाधिकारी उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल. प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र,उपाध्यक्ष श्रीमति दीपमाला राठौर. कोषाध्यक्ष श्रीमती झरना साहू. श्रीमती पुष्पेंद्र कसेरा तथा अन्य पदाधिकारियो को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद रामनरेश यादव ने बताया कि उनकी टीम के द्वारा लगातार रचनात्मक कार्य किया जा रहे हैं तथा समय-समय पर जन जागरूकता की दृष्टि से भी उनकी टीम सक्रियता के साथ काम कर रही है।

### ऑपरेशन सोनचिरैया ने कुलीपोटा में चलाया स्वच्छता अभियान




**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर में चल रहे ऑपरेशन सोनचिरैया के अंतर्गत रविवार 15 मार्च को कुलीपोटा, जांजगीर में टाटा शोरूम के सामने स्वच्छता अभियान चलाया गया। युवाओं की टीम ने मिलकर क्षेत्र में फैले कचरे को साफ किया तथा आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना और लोगों में सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।इस अभियान में पार्थ तिवारी, महेंद्र चौहान, निखिल कहरा, पिंटू यादव, किशोर कुमार खूंटे, विक्रमादित्य सिंह, आयु अग्रवाल, ओम सिंह, संस्कार पांडे, अनीश रत्नाकर, गौरव कटाक्वार, शुभम राठौर, ओम साहू और रितेश चौरसिया ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इससे पूर्व ऑपरेशन सोनचिरैया द्वारा शहर के छह अन्य स्थानों पर भी सफलतापूर्वक स्वच्छता अभियान चलाया जा चुका है और कुलीपोटा, जांजगीर का यह अभियान सातवां स्थान रहा। अभियान के दौरान ऑपरेशन सोनचिरैया की टीम ने गांव के सरपंच से भी चर्चा की, जिस पर सरपंच ने गांव में स्वच्छता बनाए रखने का आश्वासन दिया। साथ ही टीम के सदस्यों ने बताया कि 22 मार्च 2026 को ऑपरेशन सोनचिरैया के तहत शहर में बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसमें अनेक युवा, विद्यार्थी तथा समाज के अन्य लोग भाग लेकर शहर को स्वच्छ बनाने के इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के मुकेश बने मंडल उपाध्यक्ष

**पामगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पामगढ़ मंडल के विस्तार में मुकेश कश्यप को मंडल उपाध्यक्ष



मनोनीत किया गया है । इसके पूर्व भी वे मंडल उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके। मुकेश कश्यप क्षेत्र में गौ सेवा के क्षेत्र में लगातार काम करते आ रहे हैं। उनकी सक्रियता के कारण ही उन्हें युवा मोर्चा में पदाधिकारी बनाया गया है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है । हर्ष व्यक्त करने वालो में सुखसागर ओगरे, सोनू गांधी,दामोदर थवाईत, मनोज घोष,ओमप्रकाश राठौर, गोलू वर्मा,संजय खांडे,तिजू कश्यप, पन्ना कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप शामिल है ।

### बाजोरिया फाउन्डेशन का कोटना वितरण कल से



**चांपा।** स्थानीय बाजोरिया फाऊन्डेशन द्वारा गुरुवार 19 मार्च से नवरात्र पर्व पर ओम सिटी से कोटना वितरण किया जावेगा। फाऊंडेशन के लायन शैलेश बाजोरिया ने बताया कि कोटना (गाय का चारा-पानी पात्र) वितरण के लिए संबंधित को आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लाना होगा। कोटना वितरण का कार्य गुरुवार 19 मार्च को सायं 7.30 बजे से प्रारंभ किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक वर्षो से बाजोरिया फाउंडेशन द्वारा गौवंश को गर्मी के दौरान पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि के पूर्व ओमसिटी परिसर से कोटना का वितरण किया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रमुख लायन शैलेश बाजोरिया द्वारा इस कोटना वितरण से गौवंश लाभान्वित हो रहा है।

जेल निरीक्षण समिति ने लिया जायजा, सभी बैरकों में बंदियों से ली गई उम्र संबंधी जानकारी

# सप्ताहभर में तीसरी बार जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला जेल में इन दिनों निरीक्षण लगातार हो रहा है। बीते सप्ताहभर में ही तीन मर्तबा यहां का निरीक्षण किया गया है। सबसे पहले एडीएम व एएसपी की टीम ने यहां का जायजा लिया था। इसके बाद जिला न्यायाधीश के साथ कलेक्टर और एसपी निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसके बाद मंगलवार 17 मार्च को जेल निरीक्षण समिति ने यहां का जायजा लिया।

जेल निरीक्षण समिति द्वारा जेलों में निरुद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए मंगलवार 17 मार्च को जिला जेल खोखरा का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिए गए। निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियो से प्राप्त जानकारी अनुरूप विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर नही पाये गये। निरीक्षण समिति द्वारा जेल के कर्मचारीयों को अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जाए ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेक्षण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी सम्मे सिंह कवंर, संरक्षण अधिकारी श्रीमती ज्योति मिश्रा, पुष्पेन्द्र मरकाम, हर्ष वर्धन सिंह, जिला जेल अधीक्षक डी.डी. टोण्डर सहित जेल के कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के खोखरा जेल का निरीक्षण सप्ताहभर के तीसरी बार हुआ है। सबसे पहले अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी टीम के साथ जिला जेल का सुबह के समय औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा सभी बैरकों की सघन जांच की गई। इसके बाद सोमवार 16 मार्च को जिले के प्रधान जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत एवं कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके भोजन की गुणवत्ता जांच की गई। इसके बाद मंगलवार 17 मार्च को जिला जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया।




निरीक्षण करने जिला जेल पहुंचे समिति के पदाधिकारी।

# महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एचपीवी टीकाकरण सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला सक्ती के संयुक्त तत्वावधान में मातृ एवं शिशु अस्पताल सक्ती में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में दो बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाकर किया गया। टीकाकरण के पश्चात दोनों बालिकाओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एचपीवी टीकाकरण एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि समाज के हर वर्ग तक इसकी जानकारी पहुंचे और अधिक से अधिक बालिकाएं इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव का प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है।

■ एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारंभ, दो बालिकाओं को टीका लगाकर हुई शुरुआत



बालिकाओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रदान करते अतिथिगण।

कलेक्टर ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बालिकाओं को निर्धारित आयु में यह टीका अवश्य लगवाएं और इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, लेकिन समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका चरणबद्ध तरीके से लगाया जाएगा तथा जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एचपीवी वायरस से होने वाला संक्रमण आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनता है, इसलिए बालिकाओं का समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी। साथ ही बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों एवं स्कूलों के माध्यम से इस टीकाकरण अभियान का प्रभावी ढंग से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. संतोष पटेल, बीएमओ डॉ. सुरज सिंह राठौर, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुदर्शन भारद्वाज, डीपीएम सुश्री कीर्ति बड़ा, बीपीएम श्रीमती अर्चना तिवारी, बीसीसीएम श्री आफताब आलम, मुख्य लिपिक श्याम लाल यादव, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत सलमान खान, बीईईओ तारासिंह कंवर, पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता महार, जिला कार्यक्रम समन्वयक टी.बी. विनोद राठौर, प्रभारी स्टोर सकवरन साहू, फार्मासिस्ट गंगा प्रसाद रतलाकर सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे संत जागेश्वर देव महाराज

**बिर्रा।** तुलसी पीठ चित्रकूट धाम से पहुंचे रामानंदी वैष्णवाचार्य संत जागेश्वर देव महाराज सोमवार 16 मार्च को प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर डभराखुर्द दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर पहुंचकर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर संत जागेश्वर देव महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिर्रा क्षेत्र के दक्षिणमुखी हनुमान जी महाराज सर्वसिद्धि प्रदाता हैं। उन्होंने कहा कि इस संसार में ऐसा कोई कार्य कठिन नहीं है जिसे प्रभु श्री हनुमान की कृपा से पूरा न किया जा सके। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी हनुमान चालीसा में उल्लेख किया है कि "अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता" श्री हनुमान जी भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों पर हनुमान जी महाराज का विशेष आशीर्वाद बना हुआ है। सदगुरुदेव भगवान की कृपा से यहां के श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त हो रही है। इसी उद्देश्य से संत जागेश्वर देव महाराज द्वारा हनुमान जी महाराज की असीम कृपा प्राप्ति के लिए दो दिवसीय हनुमत गायत्री साधना भी की जाएगी। संत जागेश्वर देव ने बताया कि पिछले 28 वर्षों से उनकी कृपा और आशीर्वाद इस क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है। जब भी उनका इस क्षेत्र में प्रवास होता है, वे डभराखुर्द स्थित दक्षिणमुखी सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में दर्शन करने पहुंचते हैं। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी अंकुरदास वैष्णव, शिष्य मनोज कुमार तिवारी, प्रवीण तिवारी उपस्थित आदि थे।



## अष्टांग योग में वर्णित यम और नियम की दी गई विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को कुंवर भुवन भास्कर सिंह माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित कार्यालय भवन में विधिवत सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

■ वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक सम्पन्न, सदस्यों का हुआ सम्मान

बैठक के दौरान मार्च माह में जन्मतिथि वाले वरिष्ठतम सदस्य रामभरोस कैवर्त एवं कविवर रमेश सोनी का मंच की ओर से पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में कवि रमेश सोनी द्वारा शवदाह केन्द्र में अपने स्वयं के खर्च से कराए गए निर्माण कार्यों की सभी सदस्यों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर दशरथ नामदेव ने जैन धर्म में वर्णित त्याग और दान के महत्व को विस्तार से बताया। मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग में वर्णित यम और नियम की विस्तृत जानकारी देते हुए उसके महत्व को समझाया। साथ ही उन्होंने बालको, कोरबा में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों के अनुभव भी साझा किए। इस दौरान विद्योदय महाविद्यालय के संस्थापक जय कुमार जैन ने शिक्षा क्षेत्र में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए विकास एवं उन्नयन कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। वहीं छेदीलाल शर्मा ने सभी सदस्यों से अपने जीवनकाल की अविस्मरणीय सुखद या दुखद स्मृतियों को मंच के साथ साझा करने का आह्वान किया। बैठक में रामेन्द्र सिंह चौहान, जय कुमार जैन, डॉ. जी.पी. दीक्षित, लव कुमार सिंह चंदेल, रामभरोस कैवर्त, संत राम साहु, टी.आर. देवांगन, रमेश सोनी, भरत सिंह चंदेल, गजेंद्र नाथ सोनी, दशरथ नामदेव, घनश्याम राजवाड़े, जय कुमार अग्रवाल, छेदीलाल शर्मा, धारी सिंह, महेश बनाफर, बजरंग लाल जायसवाल, दरस यादव सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।




सदस्यों को सम्मानित करते अतिथिगण।

## ज्ञान भारती विद्यालय में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ज्ञान भारती उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर एवं ज्ञान भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में वार्षिक परीक्षा 2025-26 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के तैल चित्र पर फूल-माला अर्पण कर संस्था के संचालक डॉ. आर. सी. पाण्डेय तथा आर. के. जैन पूर्व प्राचार्य द्वारा किया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मां वीणा वादिनी के वंदना गीत के पश्चात खेलकूद कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, लम्बी दौड़, मेंढक दौड़, चम्मच दौड़, लंगड़ी दौड़, खो-खो, क्रिकेट , बैडमिंटन, कबड्डी , थाल सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, पोस्टर , हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में भाषण एवं लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रीमती सीमा कश्यप प्राचार्य (हिन्दी माध्यम), गणेश राम जांगड़े प्राचार्य (अंग्रेजी माध्यम), देवेन्द्र राठौर विद्यालय प्रबंधक, गीतेश राठौर सहायक प्रबंधक, सुमन्त पटेल कार्यालय सहायक, एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा माता-पिता, गुरुजनों का मान सम्मान बढ़ाने तथा देश के सच्चे सेवक बनकर राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते अतिथि।

## परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों को बांटी गई स्टेशनरी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरारी-अकलतरा

सरकारी स्कूलों में मार्च का महीना वार्षिक परीक्षाओं का होता है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किरारी में भी कक्षा आठवीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा से पहले विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिक्षिका उपासना शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया।

शिक्षिका उपासना शर्मा ने विद्यार्थियों को रबर, पेंसिल, पेन के साथ बिस्किट पैकेट वितरित किए। परीक्षा से पहले आवश्यक सामग्री मिलने से विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और वे उत्साह के साथ परीक्षा की तैयारी में जुट गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अंजूला सोनी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ीं और सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला की प्रभारी प्राचार्य सीता कुर्रे ने शिक्षिका उपासना शर्मा के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई से जुड़ी आवश्यकताओं का ध्यान रखना एक सराहनीय पहल है। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता रजनी पाण्डेय, दीपक भानु सर, गोपेश पाटले, भूपेन्द्र कंवर सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने शिक्षिका के इस सेवा भावपूर्ण कार्य की प्रशंसा की।



साहू समाज ने निकाली भव्य शोभा यात्रा, खिचड़ी प्रसाद का वितरण

# भक्त माता कर्मा जयंती पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सक्ती परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा 15 मार्च को राधाकृष्ण मंदिर में बड़ी संख्या में साहू समाज के महिला पुरुष एवं बच्चों की उपस्थिति में सुबह 11 बजे संत माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूजा-अर्चना पश्चात बच्चों के लिए जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, ड्राइग, पेटिंग, डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी परिवारों ने अपना परिचय दिया।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल एवं पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू विशिष्ट अतिथि द्वारा साहू समाज के विजयी खिलाड़ी तथा 10वीं एवं 12वीं में 75% से अधिक अंक पाने वाले बच्चों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि 50 लाख उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा देने की घोषणा की गई थी। घोषणा अनुरुप यह राशि नगर पालिका को मिल चुकी है जिसका टेन्डर भी हो चुका है। आने वाले समय में साहू समाज को अपना खुद का भवन मिलेगा जिसमें साहू समाज के लोग अपना समाजिक बैठक एवं कार्यक्रम कर सकेंगे। पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने साहू समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए दिए है। उन्होंने कहा कि आगे भी समान हित में उनके द्वारा कार्य किया जायेगा ताकि समाज के लोग भी हर दिशा में आगे बढ़ कर समाज का नाम रोशन कर सके। शाम 7 बजे सामुदायिक भवन सक्ती से हटरी चौक, नवधा चौक, कचहरी चौक, बुधवारी बाजार मार्ग होते हुए डीजे, , कर्मा नृत्या, के साथ रथ में सवार भगवान कृष्ण तथा भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली गई। अंत में राधा कृष्ण मंदिर के पास पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन हुआ, जहां सभी को माता कर्मा का खिचडी भोग का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामअवतार साहू, ललित साहू राजेंद्र कुमार साहू, कविता साहू, चेतन साहू , भूपेंद्र साहू, राम अवतार साहू, नरेश साहू, गौरी शंकर साहू, हीरानंद साहू, राजकुमारी साहू, पूर्णिमा साहू, ममता साहू, ललिता साहू ,आरती साहू ,कविता साहू सहित समाज के लोगों का योगदान रहा।



